**आयोजन** सेवा कार्य के रूप में मनाया जा रहा प्रधानमंत्री का जन्मदिवस

# सेवा संकल्प अभियान में कहीं रक्तदान तो कहीं श्रमदान

**नवभारत, मंडला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के मौक पर जगह जगह सेवा कार्य के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर सहित श्रमदान कर प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा भाव के साथ मनाया जा रहा है। आयोजित किए गए कार्यक्रमों में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ लोगों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम समर्पित सेवा भाव और जनसेवा के 25 वर्षों को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जिले में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 'सेवा मेरा योगदान' के तहत जिला चिकित्सालय मंडला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, नागरिकों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में अपना योगदान दिया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों के दौरान 74



यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

### आरडी कॉलेज में विद्यार्थियों ने भी किया रक्तदान

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मंडला में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।

युवा विद्यार्थियों ने रक्तदान को मानवता की सेवा का माध्यम बताते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना रक्त समर्पित किया। जिला चिकित्सालय एवं आर.डी. कॉलेज में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से जिले के युवाओं एवं नागरिकों ने 'सेवा मेरा योगदान' की भावना को साकार किया।

### नर्मदा तट पर किया श्रमदान

सेवा संकल्प अभियान के तहत समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नर्मदा नदी के तट पर स्थित धनीराम बाबा आश्रम के समीप घाट, महाराजपुर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में नर्मदा तट के दोनों ओर व्यापक रूप से साफ-सफाई की गई।



### नवजात का नाम रखा 'नरेंद्र'

जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक नवजात शिशु का नामकरण 'नरेंद्र' किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और समर्पण की भावना से जुड़े इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मंत्री सम्पतिया उइके द्वारा नवजात का नाम 'नरेंद्र' रखा गया। शिशु की माता एवं परिवारजनों ने इस नाम को उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

भुआ बिछिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के पावन अवस नेता डॉ. विजय आनंद मरावी के द्वारा नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भुआ खिरखा मुहल्ला में किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मरीजों ने स्वस्थ परीक्षण करवाया सभी क़ी जांच एवं उपचार दिया गया।

# 19 वर्षों से आस्था का केंद्र बने उदय चौक के राजा

**ख्याति सुन दर्शन करने पहुंचे नवभारत के उप महाप्रबंधक**

**नवभारत, मंडला।** पूरे जिले में गणेश उत्सव का पर्व अपार हर्षोल्लास और भक्ति-भाव के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के प्रमुख आकर्षण उदय चौक के राजा भगवान गजपति गजराज की प्रतिमा की भव्य स्थापना की गई। सजावटी लाइटों की जगमगाहट और पुष्प वर्षा के बीच जब बप्पा की मूर्ति स्थापित की गई, तो पूरा क्षेत्र गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ और युवाओं का उत्साह इस आयोजन की भव्यता को बयां कर रहा था।

उदय चौक गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन विगत 19 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। समिति हर साल नए आकर्षणों और भक्तिमय कार्यक्रमों के जरिए श्रद्धालुओं को जोड़ती है। इन्हीं निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि उदय चौक के राजा का यह गणेशोत्सव न केवल मंडला नगर, बल्कि पूरे जिले और इसके बाहर भी चर्चा का विषय बना रहता है।



### आकर्षक सजावट खींच रही ध्यान

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष भी पंडाल की आकर्षक सजावट और भव्य लाइटिंग श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रही है। पंडाल में आने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुगम व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे हर भक्त आसानी से भगवान गजानन के दर्शन कर सके। उदय चौक के राजा की इसी ख्याति को सुनकर मंडला शहर के उदय चौक स्थित इस सुप्रसिद्ध गणेश पंडाल में जबलपुर नवभारत के उप महाप्रबंधक निर्मल सिंह परिहार भी दर्शन करने पहुंचे। इस अवसर पर उनके साथ नवभारत के मंडला जिला ब्यूरो प्रमुख प्रदीप तिवारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उदय चौक के राजा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने पर युवक ने किया जहर का सेवन, मौत

**मौत से पहले वीडियो में प्रेमिका पर लगाए गंभीर आरोप**

**नवभारत, मंडला।** जिले के स्वामी सीताराम वार्ड में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां प्रेम प्रसंग में मिले धोखे से आहत होकर एक युवक ने कीटनाशक पीकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान आशीष यादव के रूप में हुई है। आत्महत्या करने से पहले आशीष ने अपने मोबाइल से एक वीडियो भी बनाया था, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका और उसके एक अन्य प्रेमी पर धोखेबाजी के गंभीर आरोप लगाए



हैं। इस घटना के बाद परिजनों में भारी शोक और आक्रोश है, उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार आशीष ने 15 सितंबर को अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पी लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद, गुरुवार सुबह इलाज के दौरान आशीष ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया है।

**चार वर्ष से चल रहा था प्रेम प्रसंग** - मृतक के मोबाइल से बरामद वीडियो में आशीष ने खुलासा किया है कि उसका घुटास निवासी एक युवती के साथ पिछले चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विगत 10 सितंबर को जब वह युवती से मिला, तो उसे उसके सोशल मीडिया अकाउंट से पता चला कि युवती का किसी अन्य व्यक्ति से भी लंबे समय से संबंध है। आशीष के मुताबिक वह दूसरा व्यक्ति पहले से ही शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। आशीष ने वीडियो में अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि इस विश्वासघात ने उसे मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया था, जिसके चलते वह यह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हुआ। मृतक की बहन आशा यादव ने बताया कि आशीष के मोबाइल में वीडियो के साथ युवती और उसके कथित प्रेमी की चैट के स्क्रीनशॉट भी बतौर साक्ष्य मिले हैं।

धू-धू कर जली मैकेनिक की वैन, गैरेज की मारूति वैन का पूरा सामान खाक

# मारुति वैन में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचा चालक

**नवभारत, मंडला।** मंडला जिले के उपनगर महाराजपुर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से उस वक्त टल गया, जब रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक मारुति वैन में अचानक भीषण आग लग गई। इस आगजनी की घटना में सबसे बड़ी गनीमत यह रही कि वैन का चालक समय रहते खतरे को भांप गया और तुरंत वाहन से नीचे उतर गया, जिससे उसकी जान बाल-बाल बच गई। हालांकि इस अग्निकांड में वाहन और उसमें रखा गैरेज का सारा कीमती सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया।



जानकारी अनुसार यह घटना महाराजपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास की है। मारुति वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 1657 महाराजपुर से रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक गैरेज की ओर जा रही थी। इस दौरान अचानक अज्ञात कारणों के चलते वाहन से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग ने पूरी वैन को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### गैरेज में रखा सामान जला

बताया गया कि यह मारुति वैन स्थानीय मोटर गैरेज के मिस्त्री अक्षय पटेल की थी। घटना के वक्त वैन के अंदर गैरेज में मरम्मत के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और गाड़ियों का बहुत सारा जरूरी सामान रखा हुआ था। आग लगने की वजह से मारुति वैन का ढांचा तो पूरी तरह से जल ही गया, साथ ही अंदर रखा वह सारा कीमती सामान भी राख में तब्दील हो गया।

### एक नजर में

### रामनगर किला में आज नि:शुल्क प्रवेश

**नवभारत, मंडला।** राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर आज रामनगर स्थित ऐतिहासिक किले में आमजन के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। इस अवसर पर नागरिक बिना किसी प्रवेश शुल्क के रामनगर किले का भ्रमण कर सकेंगे। राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके बलिदान दिवस पर नागरिकों को उनके संघर्ष, त्याग और देशभक्ति से प्रेरणा लेने के साथ ही जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए रामनगर किले का भ्रमण करें और अमर बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करें।

### विधिक जागरुकता शिविर में ग्रामीणों को मिली योजनाओं की जानकारी

**नवभारत, मंडला।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला कमल जोशी के निर्देशन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला तपन धारगा के मार्गदर्शन में जिले के अंतिम छोर पर स्थित वन ग्राम मनोरी एवं ग्राम भीमडोंगरी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े एवं पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को विभिन्न विधिक योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी दी। श्रमिकों के विरुद्ध अपराध प्रकोष्ठ योजना, नालसा संवाद योजना, नालसा आशा योजना, मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीड़ितों के लिए न्याय तक पहुंच योजना, महिला एवं बाल संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया।

# मूलभूत सुविधाओं को मोहताज मंडला फोर्ट स्टेशन

**पेंचवेली और नागपुर ट्रेन की मांग तेज, आज बलिदान दिवस पर बड़े ऐलान की उम्मीद**

**नवभारत, मंडला।** आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशन मंडला फोर्ट से यात्री ट्रेनों के नियमित संचालन और सुविधाओं के विस्तार की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

समाजसेवी अखिलेश सोनी और रेलवे समिति के युवा सदस्यों ने पेंचवेली और नागपुर के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने और स्टेशन के अधूरे विकास कार्यों को लेकर रेल मंत्रालय व जनप्रतिनिधियों की






चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। बताया गया कि मंडला फोर्ट को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने के बावजूद यहां लिफ्ट, व्यवस्थित प्लेटफॉर्म और पुलिस चौकी जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। विगत 14 सितंबर गणेश चतुर्थी को पेंचवेली ट्रेन के शुभारंभ की उम्मीद थी, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो वे जनहित में आंदोलन के लिए भी तैयार हैं।

### स्थानीय लोगों की प्रमुख मांगें

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि मंडला फोर्ट से पेंचवेली और नागपुर के लिए सीधी यात्री ट्रेन का संचालन शीघ्र शुरू हो। क्षेत्र की ऐतिहासिक और आदिवासी पहचान को देखते हुए गोंडवाना एक्सप्रेस का संचालन मंडला फोर्ट से किया जाए। स्टेशन के मुख्य द्वार पर वीरांगना रानी दुर्गावती की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाए। मंडला फोर्ट को भविष्य में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से सीधे जोड़ने वाले एक महत्वपूर्ण रेल जंक्शन के रूप में विकसित करने की मांग की है। अब स्थानीय लोगों को 18 सितंबर को मनाए जाने वाले शंकरशाह-रघुनाथ शाह बलिदान दिवस से भारी उम्मीदें हैं।



शिक्षा को लेकर बुजुर्गों और बच्चों के साथ परिचर्चा

# पुराने शिक्षक को वापस लाने की मांग

**नवभारत, नारायणगंज।** जनपद के ग्राम समनापुर में पांच मुकदम सयाने एवं बुर्जो, शिक्षा समिति के अध्यक्ष और स्कूली बच्चों के साथ शिक्षा व्यवस्था को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा के दौरान ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने स्कूल में पुराने शिक्षक को पुन: पदस्थ करने की मांग उठाई।

मांग को लेकर ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। बच्चों और ग्रामीणों ने स्कूल में ताला बंद कर अपनी मांग प्रशासन के समक्ष रखी। मौके पर पहुंचे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी मांग पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद बच्चों को शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उम्मीद बंधी।

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य को देखते हुए शिक्षक की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है। करीक्रम मे उपस्थित, दुर्गेश सिंगरोरे लोधी, सरपंच इंद्र जीत मरवी, कल्याण मरावी,किशन तेकाम, भागीरथ सोयाम, महादेव मार्को ओमप्रकाश, सभी गांव के बुद्दि जीवी बुजुर्ग सियाने उपस्थित रहे।

# आजीविका मिशन ने चुनौतियों से लड़ने का दिया साहस : मंत्री

**नवभारत, मंडला।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'नमो युवा शक्ति' कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं लखपति बहनों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि आजीविका मिशन ने ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया है। समूहों में जुड़ने के बाद





महिलाओं ने सामाजिक कुरीतियों से लड़ने की क्षमता आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

### मनोज मिश्रा बने भाजपा मंडल नारायणगंज के प्रभारी



**नवभारत, नारायणगंज।** पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा को जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की अनुशंसा पर भाजपा मंडल नारायणगंज का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनके प्रभारी बनाए जाने की जानकारी मिलते ही नगर एवं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने श्री मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनोज मिश्रा के संगठनात्मक अनुभव, मार्गदर्शन एवं नेतृत्व से मंडल में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही युवा कार्यकर्ताओं को भी संगठनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने का अवसर और बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का विश्वास व्यक्त किया।



# पुत्र की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा व्रत

**नवभारत, मंडला।** भादो माह में त्यौहारों का सिलसिला चल रहा है। संतान सप्तमी पर महिलाओं ने अपनी संतानों की सुख, समृद्धि और दीर्घायु के लिए संतान सांते का व्रत रखा। संतान सप्तमी के अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के साथ विशेष तौर पर महिलाओं ने 7 पुआ स्वयं के लिए और 7 पुआ पंड़ितों, कुंआरी कन्याओं को खिलाने के लिए बनाये थे।

संतान सप्तमी व्रत की पूर्णता के पहले महिलाओं ने विधि विधान से माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पुष्प बेलपत्री, भोग सामग्री अर्पित कर संतान सप्तमी की कथा का श्रवण करने के बाद सात पुये ग्रहण कर अपना व्रत समाप्त किया। संतान सप्तमी पर परम्परा के अनुसार महिलाओं द्वारा धूप, दीप, नारियल का समर्पण कर भगवान शंकर और माता पार्वती के अलावा चांदी के कड़ों की पूजा कर अपने पुत्रों पर असीम स्नेह प्रकट किया। समूह में संतान सप्तमी पर पूजा अर्चना करते हुए महिलाओं ने सद्भावना, धर्म के प्रति निष्ठा का परिचय देकर चल रहे गणेशोत्सव में धर्म की बयार को और अधिक गतिशील कर दिया।

**विश्व बांस दिवस** पर्यावरण संरक्षण के साथ आय कमाने के आइडिया ने बनाया प्रगतिशील, बांस की खेती के लिए बढ़ रहा रुझान

# बांस की खेती ने बदल दी किसान सुदेश की किस्मत



**नवभारत, मंडला।** बांस की खेती ने जिले के भुआ बिछिया के किसान सुदेश नामदेव क़ी किस्मत बदल दी, वे बांस क़ी खेती के साथ ही बम्बू टी, बांस की चाय पत्ती, बंबू चारकोल भी बना रहे हैं। 9 साल पहले दो एकड़ बंजर जमीन से शुरू की खेती का रकवा अब 100 एकड़ तक पहुंच गया है।

किसान की आमदनी लाखों पर हो गई है, और इससे प्रभावित होकर अन्य किसन भी बांस की खेती करने लगे हैं, किसानों का रुझान बांस की खेती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, किसान सुदेश नामदेव ने बताया कि वर्ष 2013 में उनके मन में विचार आया कि पर्यावरण संरक्षण के साथ खेती का कार्य करें, उन्होंने शगुन की खेती का मन बनाया इसकी जानकारी के लिए यह जबलपुर पहुंचे और वहां कॉलेज के प्रोफेसर से परामर्श लिया। उन्होंने बताया कि सागवान की खेती के लाभ के लिए 20 वर्ष का इंतजार करना पड़ेगा, वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया उन्होंने भी यही कहा कि सागौन की खेती में आने वाली कठिनाई पता चला। जिससे उनका खेती का मन बदला और फिर बांस की खेती का मन बनाया।

### पर्यावरण के लिए वरदान है बांस

बस की खेती पर्यावरण संरक्षण के लिए वरदान से काम नहीं है सुदेश नामदेव बताते हैं कि बांस की खेती पथरीली जमीन में शुरू की थी, जहां पर 700 फीट गहरा बोरिंग करवाया था लेकिन पानी नहीं मिला था अब यहां भरपूर पानी है। दरसल बांस भिर्रा (परिपक्व बांस का गुच्छा )नमी को अवशोषित कर जमीन में 5000 लीटर पानी का संग्रहण कर सकता है। जिसके कारण पर्यावरण में प्रदूषण कम होता है, एक एकड़ बांस 20 टर्न ऑक्सीजन छोड़ता है।

### एक फैसले से बदली तकदीर

बांस की खेती में सुदेश नामदेव की तकदीर बदल दी, अब किसान 100 एकड़ में बांस की खेती कर रहे हैं, पहले 4 साल मेहनत के बाद अब बांस लाभ का धंधा बन गया है। हर साल लाखों की आमदनी बांस की खेती से हो रही है, किसान के द्वारा पहले बीमा प्रजाति फिर टुल्डा प्रजाति के बांस लगाये जिससे फर्नीचर अगरबत्ती, टूथपिक, आइस क्रीम स्टिक, चम्मच, अनेक उत्पाद बनाये जाते हैं। टुलडा बांस में टहनियां नहीं होती और जल्दी लंबा होता है जिससे इस प्रजाति की मार्केट में डिमांड है।

### अन्य किसानों को भी पसंद आ रही बांस की खेती

सुदेश नामदेव के द्वारा बांस की खेती को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है, वह किसानों को बांस की खेती के लिए प्रशिक्षित भी कर रहे हैं, बांस के पौधे की नर्सरी भी तैयार की है जिससे किसानों को उपलब्ध करा सकें क्षेत्र में किसान का रुझान बांस की खेती के तरफ बढ़ गया है, जिससे किसान अब इस खेती में रुचि ले रहे हैं, जिसके कारण यहां आस-पास बांस की खेती का रकबा भी बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण और जैव विविध संवर्धन की दिशा में किया जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों के बीच सुदेश नामदेव द्वारा विकसित बंबू ऑक्सीजन पार्क एंड बायो डायवर्सिटी पार्क एक प्रेरणा दायक उदाहरण बनकर उभरा है।

### देहरादून रिसर्च सेंटर से मिली जानकारी

इसके लिए देहरादून रिसर्च सेंटर गए और वहां से बांस की प्रजाति और तकनीकी जानकारी लेकर आई वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने बांस को घांस की प्रजाति में शामिल किया और राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत अनुदान दिया जिससे बांस की खेती आसान हो गई, किसान सुदेश ने बांस की खेती शुरू कर दी।